<u>**Fourteenth Loksabha**</u>

Session : 8
Date : 03-08-2006

Participants : Mohale Shri Punnulal

>

Title : Need to start a de-addiction campaign in the Country.

श्री पुन्नूलाल मोहले (बिलासपुर) : सभापति जी, मैं भारत के कोने-कोने में व्याप्त समस्या की ओर आपका ध्यान दिलाना चाहूंगा। पूरे भारत में लोग भांग, चरस, अफीम, ब्रॉउन-शुगर, देसी और विदेशी दारू के नशे के जाल में फंसते जा रहे हैं, जिससे देश में असंतोा फैल रहा है। नशे में ये लोग घरों में मारपीट करते हैं, इनके घर उजड़ रहे हैं और ये अपने बच्चों के लिए खाने की व्यवस्था नहीं कर पा रहे हैं, अपने परिवार के लोगों के इलाज की व्यवस्था नहीं कर पा रहे हैं। नशे के कारण ही वे आतंक की ओर प्रेरित हो रहे हैं, सरकारी भूमि पर अतिक्रमण हो रहा है, हत्याएं हो रही हैं और इस कारण पूरा देश आतंक की ओर बढ़ रहा है, लोग आतंकवाद और नक्सलवाद की ओर बढ़ रहे हैं। गांवों में स्थिति बिगड़ रही है। मेरा सरकार से आग्रह है कि स्थिति में सुधार के लिए नशा मुक्ति अभियान चलाया जाए जिससे इन लोगों को समाज की मुख्य धारा में लाया जा सके। जो राट्रीय श्रम मूलक योजना है, उसे पूरे देश के जिलों में लागू किया जाए। ऐसे पांच लोगों का रजिस्ट्रेशन कराने पर डेढ़ लाख रुपया सरकार देती है, जिसे वापस जमा नहीं करना पड़ता है, जिससे गरीब आदमी ऊपर उठ सके। ऐसे लोगों को रोजगार मुहैया कराया जाए। नशा त्यागने वाले लोगों को राट्र की मुख्य धारा में शामिल किया जाए।

सभापति महोदय : आप बैठ जाइये। डा. करण सिंह यादव, आप अपना भााण शुरू कीजिए।

श्री पुन्नूलाल मोहले : सरकार एक अभियान चलाए।

सभापति महोदय : डा. करण सिंह यादव।

DR. KARAN SINGH YADAV (ALWAR): Hon. Chairman, Sir, I would like to draw the attention of the House and, through you, of the Minister of Industries and Commerce towards the problem faced by the local Indian *vanaspati* industry. … (*Interruptions*)

श्री पुन्नूलाल मोहले : नशा त्यागने वाले लोगों को सरकार कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराए। भारत सरकार अगर पूरे देश में नशा मुक्ति अभियान चलाए, तो मैं अपने पद से त्याग-पत्र देकर, लोगों को मुख्य धारा में जोड़ने के लिए सरकार को सहयोग दूंगा। *...

सभापति महोदय : आपका भााण रिकार्ड पर नहीं जा रहा है। डा. करण सिंह यादव, आप अपना भााण जारी रखिये।

---

* Not recorded